## MODEL TEST PAPER
## CLASS - 5th
## SUBJECT - HINDI

**Time : 3 hours** **M.M. : 50**

1. **दिए गए अनुच्छेद को ध्यान से पढ़ें व निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:-** 5

तिब्बत में लगभग 1500 झीलें हैं। ये झीलें बनती हैं पहाड़ों की बर्फ़ पिघलने से। इनमें मानसरोवर झील का बहुत नाम है। यही से सांगपो यानी ब्रह्मपुत्र नदी निकलती है। काफ़ी ऊँचाई पर बसा होने के कारण तिब्बत बहुत ठंडा प्रदेश है। यहाँ की सर्दी का हाल मत पूछो! ऐसा लगता है जैसे किसी ने फ्रिज़ में डाल दिया हो और ऊपर से तेज़ ठंडी हवा चल रही हो। इसीलिए वहाँ के लोग हमेशा भारी-भरकम गर्म कपड़े पहने रहते हैं।

1. तिब्बत में लगभग कितनी झीले हैं?
2. तिब्बत बहुत ठंडा प्रदेश क्यों हैं?
3. सांगपो नदी कहाँ से निकलती हैं?
4. नुक्ता वाले शब्द छाँटिए।

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो:- ( कोई पाँच )** 10

1. तुम्हें कौन-सा त्योहार सबसे अच्छा लगता है और क्यों?
2. इला की कशीदाकारी में खास बात क्या थी?
3. पत्र में पत्ते के साथ नाम न हो तो क्या समस्याएँ आ सकती हैं?
4. कुम्मी के हाथ जो किताब आई थी वह कब छपी होगी?
5. अँधेर नगरी की प्रजा राजा के मरने पर खुश क्यों हुई?
6. ''वो इधर से निकला, उधर चला गया।'' प्रस्तुत पंक्ति किस कविता से ली गई है व कवि का नाम बताओ।
7. धरती की गुल्लक किन-किन साधनों से भरती है
8. जवाहरलाल, किशन और कुली सभी रस्सी से क्यों बँधे थे?

3. पद्यांश की सरलार्थ 2

1. खिलौनेवाला कविता की कवियत्री सुभद्रा कुमारी चौहान हैं।
2. अकबर को पहरेदार की दखलंदाज़ी अच्छी लगी।

4. मलिान करो 3

| | |
|---|---|
| बादशाह | जंगल |
| कीदाकारी | अकबर |
| कबूतर | पहयिा |
| गाड़ी | धातू |
| सक्किा | संदेश वाहक |
| वाद्य | इला |

5. **रिक्त स्थान भरिए:-** 4

1. गोनू झा ने जेब से कुछ ............. निकालकर छोड़ी।
2. दादी अपने बक्से में इलायची लौंग और ............. रखती थीं।
3. घाघस को ............. को दिल्ली के चिड़ियाघर में लाया गया था।
4. कर्नल दत्ता ने तीतर के पैरों का ............. साफ़ किया।

Downloaded from cclchapter.com

प्र0 6 किसने, किसको कहा 1

''माशा अल्लाह! ये घंटियाँ कितनी सुंदर है! तुमने खुद बनाई है?

प्र0 7 सही विकल्प चुनों 2

(1) राम किस कथा का प्रसिद्ध पात्र है?

(क) महाभारत (ख) रामायण (ग) शिवपुराण

(2) धोती किस रंग की थी?

(क) काली (ख) सफेद (ग) बादामी

प्र0 8 संज्ञा वाले शब्दों को छाँटिए: 1

मोहन ने गेंद को अलमारी में रख दिया।

प्र0 9 वचन बदलोः– 1.5

किताब, तितली, माला

प्र0 10 लिंग बदलोः– 1.5

वाघ, कवि, रानी

प्र0 11 विलाम शब्द 1.5

आगे, उजाला, चलना

प्र0 12 पर्यायवाची शब्द लिखिएः– 1.5

सूरज, पानी, आँख

प्र0 13 सही क्रम में लिखो 2

(क) वह चल इतना रहा धीरे था।

(ख) मेरे घर था श्याम आया।

प्र0 14 शब्दों को शुद्ध करके लिखो 2

हरान, शिकशा, सवागत, कठिन, नमस्ते

प्र0 15 दिए गए मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाएंः– 2

सिर–आँखों पर बैठाना।

प्र0 16 अपने मुख्याध्यापक/मुख्याध्यापिका को एक दिन की छुट्टी के लिए– 5
प्रार्थना पत्र लिखें।

प्र017 किसी एक विषय पर निबन्ध लिखोः– 5

1. मेरा मित्र
2. मेरी पाठशाला
3. होली
4. मेरा गाँव

Downloaded from cclchapter.com

## अंक विभाजन

## पांचवी कक्षा

| क्रमांक संख्या | विवरण | अंक |
|---|---|---|
| 1 | गद्यांश में से प्रश्न | 5 |
| 2 | प्रश्न उत्तर | 10 |
| 3 | पंद्याश का सरलार्थ | 2 |
| 4 | मिलान करो | 3 |
| 5 | रिक्त स्थान भरो | 4 |
| 6 | किसने किसको कहा | 1 |
| 7 | सही विकल्प चुनों | 2 |
| | **व्याकरण** | **27** |
| 8 | संज्ञा शब्द | 1 |
| 9 | वचन | 1.5 |
| 10 | लिंग बदलो | 1.5 |
| 11 | विलाम शब्द | 1.5 |
| 12 | पर्यायवाची शब्द | 1.5 |
| 13 | सही क्रम में लिखो | 2 |
| 14 | शब्दों को शुद्ध करके लिखो | 2 |
| 15 | मुहावरे | 2 |
| 16 | प्रार्थना पत्र | 5 |
| 17 | निबंध | 5 |
| | | **23** |
| | कुल | **50** |

Downloaded from cclchapter.com